>

Title: Need to ensure recovery of boats of Indian fishermen captured by Pakistan and extend relief to them in the repayment of loans.

12.30 hrs.

The Lok Sabha reassembled at thirty minutes

past Twelve of the Clock.

(Mr. Speaker in the Chair)

श्री जसुभाई दानाभाई बारड़ (जूनागढ) : अध्यक्ष महोदय, पिछले एक साल में पाकिस्तान के कोस्ट सिक्योरिटी गार्ड्स ने महाराष्ट्र और गुजरात इलाके के करीब 900 मछुआरों को पकड़ा था, जो पाकिस्तान की जेलों में बंद किए गए थे। अभी दो-तीन दिन पहले पाकिस्तान सरकार ने इनमें से करीब 523 मछुआरों को रिहा करने की घोाणा की है। मैं सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूँ कि जब ये मछुआरे पकड़े गए थे, उस समय उनको मछली पकड़ने की उनकी करीब 200 नौकाओं के साथ पकड़ा गया था। एक नाव की कीमत लगभग 12 से 15 लाख रूपए तक होती है। इस प्रकार नौकाएं, मछली पकड़ने के जाल आदि करीब तीस करोड़ रूपए का सामान पाकिस्तान सरकार के पास पड़ा हुआ है।

MR. SPEAKER: Please be brief. You cannot make a speech here.

श्री जसुभाई दानाभाई बारड़ : महोदय, एक नौका को वापस लाने में चार से पांच आदमियों की आवश्यकता पड़ती है, अगर इन मछुआरों को उनकी नौकाओं के बिना छोड़ा गया तो उन नौकाओं को लाना कठिन हो जाएगा। अतः प्रधानमंत्री जी और माननीय नटवर सिंह जी से मेरा अनुरोध है कि जिस प्रकार आपने इन मछुआरों को छुड़वाया है, उसी प्रकार पाकिस्तान से गुजारिश करके उनकी नौकाओं को भी छोड़े जाने की व्यवस्था करें।

MR. SPEAKER: Now, Prof. Ram Gopal Yadav. Please be brief, to the point.